# केन्द्रीय विद्यालय एन.डी.ए. खडकवासला, पुणे-२३

## हिन्दी प्रश्नपत्र प्रारूप

## अर्धवार्षिक परीक्षा - २०१८-२०१९

कक्षा - आठवी | विषय : हिन्दी | पूर्णांक : ८०

समय : ३ घंटे

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | अपठित गद्यांश | - | 1 X 5 = 5 |
| 2) | अपठित पद्यांश | - | 1 X 5 = 5 |
| 3) | व्याकरण | - | 3 X 7 = 21 |
| 4) | पठित गद्य | - | 2+2+1 = 5 |
| 5) | पठित पद्य | - | 2+2+1 = 5 |
| 6) | पठित प्रश्नोत्तर | - | 2 X 8 = 16 |
| 7) | भारत की खोज | - | 2 X 4 = 8 |
| 8) | निबंध | - | 1 X 10 = 10 |
| 9) | पत्र | - | 1 X 5 = 5 |

**कुल अंक = 80**

# केन्द्रीय विद्यालय एन.डी.ए. खडकवासला, पुणे-२३
## हिन्दी उत्तर कुंजी (अर्धवार्षिक परीक्षा) २०१८-१९

कक्षा - आठवी　　विषय : हिन्दी　　पूर्णांक : ८०

---

प्रश्न 1)　क) 1　ख) 4　ग) 1　घ) 1　ङ) 3

प्रश्न 2)　क) 1　ख) 3　ग) 4　घ) 1　ङ) 1

प्रश्न 3)　क) - ?　1) परमेश्वर　2) रविंद्र　3) गणेश

ख) - ? 1) प्रयोग + इक
2) व्यवहार + इक　3) व्यापार + इक

ग) - ?　1) हरे + पात
2) मृदुल + वसंत　3) कोमल + गात

घ) - ?　1) माता और पिता - द्वंद्व समास
2) रात और दिन - द्वंद्व समास
3) दाएँ और बाएँ - द्वंद्व समास

ङ)　अद्यापक स्वयं परखे

इ)　अद्यापक स्वयं परखे

ई)　अद्यापक स्वयं परखे

प्रश्न 4)　उत्तर - 1)　डकैती, चोरी, तस्करी, और भ्रष्टाचार
2)　हर व्यक्ति को संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है
3)　आरोप - प्रत्यारोप

प्रश्न 5)　उत्तर　1)　साधु की जाती नहीं ज्ञान पूछना चाहिए
2)　म्यान का नहीं तलवार का मूल्य है ।
3)　कबीर - कबीर की साखियाँ

प्रश्न 6)　अध्यापक स्वयं परखे (कोई भी आठ प्रश्न के उत्तर)

प्रश्न 7)　उत्तर - 1)　खजुराहो, कैलाश मंदिर, अजंठा, दिल्ली
2)　पं. ज. नेहरू
3)　पहाडो के प्रति विशेष प्रेम था
4)　समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलिय कहा जाता है ।
5)　आर्यवर्त
6)　एक शासक था और कवि, नाटककार

प्रश्न 8)　अध्यापक स्वयं परखे

प्रश्न 9)　अध्यापक स्वयं परखे

# केन्द्रीय विद्यालय एन.डी.ए. खडकवासला, पुणे-२३

## अर्धवार्षिक परीक्षा - २०१८-२०१९

कक्षा - आठवी | विषय : हिन्दी | पूर्णांक : ८०

समय : ३ घंटे

---

### खण्ड - क

**प्रश्न1) निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

आज आदमी धन के पीछे अंधाधुंद दौड रहा है, पाँच रुपये मिलने पर, दस मिलने पर, और सौ मिलने पर हजार की लालसा लिए वह इस अंधी दौड में शामिल है । व्यक्ति सत्य और असत्य-न्याय, न्याय-अन्याय, अपने - पराए के भेदभाव को भूल गया है । उसके पास अपनी पत्नी और संतान के लिए भी समय नहीं है । धन के लिए पुत्र का पिता के साथ, बेटी का माँ के साथ, पत्नी का पति के साथ झगडा हो रहा है । भाई-भाई के खून का प्यासा है । धन की लालसा व्यक्ति को जघन्य से जघन्य कार्य करने के लिए उकसा रही है । इसी मनोवृत्ति को बदलने के लिए हमे हर स्तर पर प्रयत्न करने होंगे, जिनमें अपने मन पर अंकुश लगाना और लोभ, स्वार्थ असंतोष जैसे वृत्तियों को काबू में रखना शामिल है ।

क) आज आदमी किस अंधी दौड में शामिल है ? (1)

1) धन के पीछे
2) काम के पीछे
3) संतान के पीछे
4) आदमी के पीछे

ख) व्यक्ति अपने पराए के भेदभाव को भूल गए है ? (1)

1) सत्य - असत्य
2) न्याय - अन्याय
3) अपने - पराए
4) उपर्युक्त सभी

ग) धन की लालसा व्यक्ति को क्या करने के लिए उकसा रही है ? (1)

1) जघन्य कार्य
2) दान कार्य
3) परोपकर
4) आदर्श कार्य

**घ) उसके पास किसके लिए समय नहीं है? (1)**

1) पत्नी और संतान के लिए
2) मित्र-भाई के लिए
3) माता-पिता के लिए
4) भाई - बहन के लिए

**ड)** **सत्य का विलोम है** **(1)**

1) मित्र 2) समर्थ 3) असत्य 4) धन

**प्रश्न 2)** **निम्नलिखित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए ।**

आ रही रवि की सवारी
नव किरण का रथ सजा है ।
कलि-कुसूम से पथ सजा है,
बादलों के अनुचरों ने,
स्वर्ण की पोशाख धारी,
आ रही रवि की सवारी ।
विहग, बंदी और चारण
गा रहे है कीर्ति गायन
छोडकर मैदान भागी,
तारकों की फौज सारी
आ रही रवि की स्वारी

**क)** **किसकी सवारी आ रही है?** **(1)**

1) रवि की 2) माला की
3) सूरज की 4) कुसूम की

**ख)** **पथ किससे सजा है?** **(1)**

1) बादल 2) वर्षा 3) कली-कुसूम 4) किरण

**ग)** **रवि शब्द का पर्यायवाची है ?** **(1)**

1) चाँद 2) मेघ 3) बादल 4) सूरज

**घ)** **कीर्ति गायन कौन कर रहा है ?** **(1)**

**1) विहग बंदी** **2) तारकों की फौज**
**3) बादलों के अनुचर** **4) नव किरण**

ड) छोडकर मैदान कौन भाग रहा है? (1)

1) तारको की फौज 2) सूरज की कीरणे

3) बादल 4) कली-कुसूम

**प्रश्न 3) निर्देशानुसार प्रश्नो के उत्तर दीजिए -**

क) दिए गए शब्दों की संधि कीजिए - (3)

1) परम + ईश्वर 2) रवि + इन्द्र 3) गण + ईश

ख) निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए (3)

1) प्रायोगिक (प्रायोगिक) 2) व्यावहारिक 3) व्यापारिक

ग) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण और विशेष्य अलग कीजिए (3)

1) हरे पात

2) मृदुल वसंत

3) कोमल गात

घ) दिए गए शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए (3)

1) माता - पिता

2) रात - दिन

3) दाएँ - बाएँ

ड) 'अभी भी' शब्द से तीन वाक्य लिखिए (3)

इ) पत्र शब्द जोडकर तीन शब्द बनाइए (3)

ई) व्यक्तिवाचक, भाववाचक, जातिवाचक संज्ञा के एक-एक उदाहरण लिखिए (3)

**प्रश्न 4) निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है । समाचारपत्रों में ठगी, डकैती, चोरी, तस्करी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे होते है । आरोप-प्रत्यारोप का कुछ ऐसा वातावरण बन गया है कि लगता है, देश में कोई ईमानदार आदमी ही नही रह गया है । हर व्यक्ति संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है । जो जितने ऊँचे पद पर है उतने ही अधिक दोष दिखाए जाते है ।

1) समाचारपत्रों में कैसे समाचार भरे रहते हैं? (2)

2) किसमें अधिक दोष दिखाए जाते हैं ? (2)

3) आजकल कैसा वातावरण बन गया है ? (1)

प्रश्न 5) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''जाति न पूछौ साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तरवार का, पडा रहन दो म्यान।।''

1) साधु की क्या बात पूछनी चाहिए ? (2)

2) मूल्य किसका है - तलवार का या म्यान का? (2)

3) कवि और कविता का नाम लिखिए । (1)

**प्रश्न 6) निम्नलिखित मे से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2 X 8 = 16**

1) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया

2) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?

3) 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' किसके नेतृत्व में और किस उद्देश्य से हुआ था ?

4) कवि ने अपने आने को 'उल्लास औ जाने को आँसू बनकर बह जाना? क्यों कहा है?

5) पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?

6) पक्षी और बादल द्वारा लाइ गई चिठ्ठियों को कौन पढता है?

7) लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है फिर भी वह निराश क्यों नहीं है ?

8) यह कठिन समय नहीं है ?'' यह बताने के लिए कविता में कौन-कौनसे तर्क दिए गए हैं ?

9) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं?

10) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है?

**प्रश्न 7) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2X4 = 8**

1) नेहरूजी ने किन-किन ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा की थी ?

2) भारत की खोज पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है ?

3) पहाडों के बारे में लेखक का क्या कहना है ?

4) समुद्र गुप्त को क्या कहा जाता है ?

5) आर्यो ने अपने स्थान को क्या नाम दिया ?

6) हर्षवर्धन की क्या विशेषता थी ?

**प्रश्न 8) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** **(10)**

1) स्वच्छता अभियान

2) मेरा प्रिय त्यौहार

3) योग का महत्त्व

**प्रश्न 9) समय का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।** **(5)**

**अथवा**

**चार दिन के अवकाश हेतु प्राचार्य को पत्र लिखिए।** **(5)**

***********